कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय, मीरजापुर।

प्रेस नोट

लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम में साक्षात्कार की तिथि निर्धारित

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जनपद मीरजापुर में **(Legal Aid Defense Counsel System)** के अन्तर्गत आपराधिक मुकदमों में पीड़ित एवं कमजोर वर्ग की मदद हेतु लीगल एड डिफेन्स काउंसिल में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के पदो के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों में जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गयी है।

चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के पदो के लिए दिनांक 21–02–2024 को समय पूर्वान्ह 11.00 बजे जनपद न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में तथा एवं असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के पदो के लिए दिनांक 22–02–2024 को समय पूर्वान्ह 11.00 बजे जनपद न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में लिया जायेगा।

अतः जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है। वह अपना साक्षात्कार पत्र नियत तिथि दिनांक 21 फरवरी व 22 फरवरी–2024 को साक्षात्कार के पूर्व कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर से प्राप्त कर सकते है। आवेदक साक्षात्कार के लिए अपने समस्त मूल प्रपत्रों के साथ साक्षात्कार हेतु नियत तिथि को समय से कम से कम 1 घण्टे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें, जिससे आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रपत्रो का मिलान मूल प्रपत्रों से कराया जा सके। साक्षात्कार हेतु नियत तिथि वं समय पर उपस्थित न होने की दशा में उनके आवेदन पत्र पर आगे कोई विचार नही होगा।

दिनांक– 17–02–2024

17.02.2024

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मीरजापुर।

1. " दैनिक जागरण" प्रमुख समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु प्रेषित।
2. " अमर उजाला" प्रमुख समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु प्रेषित।
3. " हिन्दुस्तान" प्रमुख समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु प्रेषित।
4. " समस्त अन्य" प्रमुख–प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित।